एफ.एच.डी.-2

21051

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2015

एफ.एच.डी.-2 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

खण्ड क

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 – 300 शब्दों में दीजिए ।

1. 'सूचना के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम है भाषा ।' इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए । *10*

अथवा

रचना के प्रमुख प्रकार कौन-कौन-से हैं, उनका संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

2. मुक्तिबोध के पत्रों का विश्लेषण कीजिए । *10*

अथवा

रिपोर्ताज-लेखन की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

खण्ड ख

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए ।

3. औपचारिक निमंत्रण पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए । *5*

अथवा

संस्मरण की भाषा शैली की विशेषताएँ बताइए ।

4. बोलचाल की भाषा और लिखित भाषा के अन्तर को स्पष्ट कीजिए । *5*

अथवा

जीवनी और रेखाचित्र का अन्तर बताइए ।

5. जहाँ सुमति तहँ संपति नाना ।

जहाँ कुमति तहँ विपति निदाना ।।

इस सूक्ति का भाव पल्लवन कीजिए । *5*

अथवा

आख्यान के प्रमुख स्रोतों का संक्षिप्त विवेचन कीजिए ।

खण्ड ग

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग एक वाक्य में दीजिए : *5×1=5*

(क) संवाद की एक विशेषता बताइए ।

(ख) रेडियो और टेलीविज़न में कोई एक अन्तर बताइए ।

(ग) बधाई पत्र किन अवसरों पर भेजा जाता है ?

(घ) कहानी और उपन्यास में कोई एक अन्तर बताइए ।

(ङ) प्रोक्ति का अर्थ क्या है ?

7. निम्नलिखित प्रश्न के सही उत्तर का चयन कीजिए : *10×1=10*

(क) 'एकलव्य के नोट्स' के लेखक हैं

(अ) रामविलास शर्मा

(ब) राहुल सांकृत्यायन

(स) प्रेमचन्द

(द) फणीश्वरनाथ रेणु

(ख) संरचनात्मक भाषाविज्ञान में

(अ) मौखिक भाषा को गौण तथा लिखित भाषा को प्रमुख माना गया है ।

(ब) लिखित भाषा को गौण तथा मौखिक भाषा को प्रमुख माना गया है ।

(स) दोनों को प्रमुख माना गया है ।

(द) दोनों को गौण माना गया है ।

(ग) निम्नलिखित में से कौन-सी कथात्मक गद्य विधा ***नहीं*** है ?

(अ) जीवनी

(ब) उपन्यास

(स) नाटक

(द) कहानी

(घ) सामान्य पत्र और साहित्यिक पत्र में क्या अन्तर है ?

(अ) सामान्य पत्र में लेखक सहज रहता है परन्तु साहित्यिक पत्र में सहज नहीं रहता ।

(ब) सामान्य पत्र में लेखक का निजी जीवन अभिव्यक्त होता है किन्तु साहित्यिक पत्र में नहीं ।

(स) सामान्य पत्र में मात्र सूचनाएँ होती हैं किन्तु साहित्यिक पत्र में साहित्य और जीवन के प्रति लेखक का दृष्टिकोण अभिव्यक्त होता है ।

(द) कोई अन्तर नहीं होता है ।

(ङ) 'निराला' ने यह कथन किससे कहा था – 'तुम्हारे मातहत इतने सिपाही हैं, तुम इस राजा को लूट क्यों नहीं लेते' ?

(अ) मित्र से

(ब) पिता से

(स) पड़ोसी से

(द) बेटे से

(च) निराला की बेटी का नाम था

(अ) मनोहरा देबी

(ब) सरोज

(स) पार्वती देवी

(द) चन्द्रिका

(छ) सुभद्राकुमारी चौहान के चरित्र का गुण था

(अ) दृढ़ता

(ब) विद्रोही

(स) देशभक्ति

(द) उपर्युक्त तीनों

(ज) औपचारिक पत्र किसे *नहीं* लिखा जाता है ?

(अ) अधिकारी को

(ब) संपादक को

(स) मंत्री को

(द) माता को

(झ) कार्यालयी लेखन का तात्पर्य है

(अ) व्यापारिक लेखन

(ब) कार्य से सम्बन्धित लेखन

(स) सम्बन्धियों से पत्र व्यवहार

(द) ऐसा लेखन जो विभिन्न कार्यालयों में सम्पन्न किया जाता है

(ञ) बैठक का कार्यवृत्त तैयार करता है

(अ) अध्यक्ष

(ब) उपाध्यक्ष

(स) सदस्य सचिव

(द) सदस्य